

अलविदा बिजेंद्र...तुम्हें सलाम

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
तापमान अधिकतम 33.0 डिग्री न्यूनतम 13.0 डिग्री
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

## पीजीआईएमएस ने रचा इतिहास

### ऐसा पहली बार...

1. एक ही दिन में तीन कॉरिडोर बनाकर तय समय में निर्धारित स्थान पर भेजे ऑर्गन।
2. एक व्यक्ति के पांच अंग सफलतापूर्वक लिए गए और कई मरीजों को नवजीवन दिया।
3. हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए सफलतापूर्वक बाहर भेजा गया। पहले दो प्रयास विफल हो गए थे।

# 9 घंटे भूखे-प्यासे लगे रहे 50 से ज्यादा डॉक्टर, पहली बार पीजीआई से ट्रांसप्लांट के लिए भेजे 5 ऑर्गन

## ऐसे चला अभियान
### साढ़े आठ घंटे में स्पेशल मिशन को पूरा कर कायम कर दी मिसाल

| सुबह 8 बजे | सुबह 8.30 | सुबह 10.30 | सुबह 11.30 | दोपहर 12 | दोपहर 1.15 | दोपहर 2.30 | 4.30 शाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| करीब 50 डॉक्टर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे | 100 से ज्यादा पुलिस कर्मी पहुंचे | डॉक्टर्स की टीम ने ऑपरेशन शुरू किया | दिल ट्रांसप्लांट के लिए भेजा | लंग्स (फेफड़े) निकाले गए | लीवर ट्रांसप्लांट के लिए निकाला गया | डॉक्टरों ने किडनी ऑपरेट की | डॉक्टरों ने आंखें लीं |



मनोज वर्मा ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के 50 ये ज्यादा डॉक्टर, सभी 9 घंटे तक भूखे प्यासे लगे रहे, ऑर्गन ट्रांसप्लांट करवाए और इतिहास रच दिया। सुबह 8 बजे शुरू हुआ ऑर्गन ट्रांसप्लांट स्पेशल मिशन करीब 4.30 बजे तक चला। किसी ने न भूख की चिंता की न प्यास की, बस सेवा का जज्बा दिखाई दे रहा था। मेहनत रंग लाई और यहां से पहली बार दिल, लीवर, किडनी, लंग्स, और आंखें एक साथ ट्रांसप्लांट के लिए भेजे गए। पहली बार एक ही दिन में तीन बार स्पेशल ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। पहली बार दिल को ट्रांसप्लांट के लिए भिजवाया गया। इससे पहले दो बार प्रयास विफल रहे थे। जिसके अंगदान किए गए हैं, उस युवक का नाम बिजेंद्र है और वह भिवानी के जूही का रहने वाला था। बिजेंद्र ब्रेन डेड घोषित किया था। पूरे मिशन में डॉक्टर्स के साथ पुलिस के 100 से ज्यादा जवान भी डटकर खड़े था, ताकि ऑर्गन ट्रांसप्लांट से किसी को नई जिंदगी मिल सके। सभी के प्रयास सफल रहे और ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए यत समय सीमा में देश के अलग-अलग अस्पतालों में भेज दिए गए।

### 26 मार्च को भर्ती करवाया

दरअसल भिवानी के जूही कलां गांव का 37 वर्षीय बिजेंद्र 26 मार्च को पीजीआईएमएस में रेफर होकर आया था। दुर्घटना के बाद उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। सर्जरी विभाग के डॉ. एआर बंसल की यूनिट द्वारा उन्हें ट्रॉमा सेंटर आईसीयू में भर्ती किया गया। डॉ. तरुण और टीम ने इलाज शुरू किया।

### 7 अप्रैल को ब्रेन डेड

7 अप्रैल को बिजेंद्र को ब्रेन डेड पाया गया। प्रक्रिया के अनुसार चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन ने डॉ. एआर बंसल, डॉ. तरुण और न्यूरो सर्जरी विभाग से डॉ. की टीम बनाई। 7 और 8 अप्रैल को दो बार टेस्ट किया और बिजेंद्र को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया।



### इन्होंने परिवार को अंगदान के लिए मनाया

स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (सोटो) के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर दीप्ति, रोहित, डॉ. तरुण ने बिजेंद्र के ब्रेन डेड होने के बारे में बिजेंद्र के पिता राजबीर को बताया और अंगदान के लिए राजी किया।

#### अंगदान के फैसले के बाद रोटो और नोटो से संपर्क किया

बिजेंद्र के पिता द्वारा अंगदान के लिए हां भरने के बाद सोटो की टीम ने पहले रिजनल ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (रोटो) से संपर्क किया। इसके बाद नेशनल ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) से संपर्क साधा। अलग-अलग जगहों से अंगों की डिमांड आने के बाद 9 अप्रैल को ऑर्गन ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया पूरी की गई।

#### पहले भी दो बार बनाया ग्रीन कॉरिडोर

पीजीआईएमएस इससे पहले भी फरवरी 2024 और अप्रैल 2024 में दो बार ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अंग ट्रांसप्लांट के लिए भेजे गए। इनमें कभी कडनी तो कभी लीवर शामिल रहा। यह तीसरी बार था जब ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अंग भेजे हैं।

### दर्द भरी दास्तां : कुछ दिन पहले भाई की मौत



बिजेंद्र के पिता राजबीर ने बताया कि पांच बहनों के भाई बिजेंद्र के भाई की कुछ समय ही मौत हो गई थी। बिजेंद्र की पत्नी भी उसे छोड़कर जा चुकी है और एक बच्चा भी बिजेंद्र के पास ही था। कमाने वाला इकलौता बिजेंद्र मजदूरी करके परिवार का पेट पाल रहा था। अब राजबीर से उसका दूसरा बेटा भी भगवान ने छीन लिया। राजबीर का सहारा अब उसका पोता ही रह गया है।

### जिसे मेरे बेटे के अंग लगेंगे, उसे देखना चाहूंगा



पीजीआईएमएस में आए बिजेंद्र के चाचा मंगत का कहना है कि हमने अपनी मर्जी से बिजेंद्र का अंगदान करवाया है। हमारा बेटा को अब इस दुनिया में रहा नहीं, लेकिन उसके अंग किसी के काम आएंगे, इससे अच्छी बात नहीं। पिता राजबीर भावुक हुए और कहा कि मुझे पता नहीं मेरे बेटे की किडनी, दिल, लीवर, फेफड़े और आंखें किसे-किसे लगाए जाएंगे, लेकिन जिसे भी मेरे बेटे के अंग लगाए जाएंगे, उसे जरूर देखना चाहूंगा, मुझे उसमें मेरा बेटे की झलक देखनी है।

### विधायक ने परिवार को दिए 5 लाख



समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना अंगदान की सूचना मिलने पर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और युवक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने अपने कोष से युवक के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मनमोहन भड़ाना ने कहा कि वे इस अंगदान को सलाम करते हैं।

## अंगदान में समय बेहद कीमती

### दिल : 4 से 6 घंटे



दिल को निकालने के बाद आमतौर पर 4 से 6 घंटे के अंदर ट्रांसप्लांट करना जरूरी होता है। दिल का ट्रांसप्लांट रेस अगेंस्ट टाइम होता है, जितनी जल्दी ट्रांसप्लांट होगा, सफलता के चांस उतने ज्यादा होंगे। यह एक ही व्यक्ति को ट्रांसप्लांट किया जा सकता है।

### लंग्स : 4 से 6 घंटे




फेफड़ों को निकालने के बाद 4 से 6 घंटे के अंदर ट्रांसप्लांट करना जरूरी होता है। फेफड़े बहुत नाजुक अंग होते हैं और सेफ टाइम बहुत कम होता है। शरीर से बाहर आने के बाद जल्दी खराब होने लगते हैं। एक व्यक्ति के फेफड़े ये दो लोगों को जीवन दे सकते हैं।

### लीवर : 8 से 12 घंटे



लीवर को निकालने के बाद 8 से 12 घंटे के अंदर ट्रांसप्लांट करना जरूरी होता है। लीवर दिल और फेफड़ों से थोड़ा ज्यादा मजबूत होता है। लीवर का समय दिल और फेफड़ों से ज्यादा, लेकिन किडनी से कम होता है। एक व्यक्ति का लीवर दो लोगों को लगाया जा सकता है।

### किडनी : 24 से 48 घंटे



किडनी निकालने के बाद 24 से 48 घंटे के अंदर ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। किडनी दिल, फेफड़े और लीवर से ज्यादा मजबूत होती है। किडनी का सेफ टाइम सबसे ज्यादा होता है। एक व्यक्ति की किडनी दो लोगों के काम आ सकती है।

### आंखें : 24 से 48 घंटे



डोनर से कॉर्निया निकालने के बाद इसे आमतौर पर 24 से 72 घंटे (1–3 दिन) के अंदर ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। कॉर्निया में खून की सप्लाई नहीं होती, इसलिए यह बाकी अंगों की तुलना में ज्यादा समय तक सुरक्षित रहता है। एक व्यक्ति की आंखें दो लोगों को रोशनी दे सकती हैं।

### 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी लगे मिशन में

पुलिस अधीक्षक रोहतक गौरव राजपुरोहित और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव के नेतृत्व में 100 से अधिक पुलिस कर्मचारियों ने समय पर अस्पतालों में ऑर्गन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। ग्रीन कोरिडोर बनाने में ट्रैफिक एसएचओ निरीक्षक जसबीर, उप. नि. प्रवीण कुमार, एसएचओ पीजीआई, अर्बन एस्टेट, आईएमटी व सांपला ने जैसे ही अंग दिल्ली के लिए निकले पूरे शहर के रास्ते को ब्लॉक करके पूरी स्पीड से अंग रोहतक से दिल्ली व गुरुग्राम के लिए निकलवाने में अहम भूमिका अदा करवाई।

**93.9 किलोमीटर की दूरी है रोहतक से फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ओखला के बीच**

**83.4 किलोमीटर दूर है आरटीएमएस अस्पताल गुरुग्राम और एम्स दिल्ली की दूरी 86.5 किलोमीटर**

**45 से 50 मिनट में सभी जगहों पर ग्रीन कॉरिडोर के जरिए समय पर पहुंचा दिए गए ऑर्गन**





### जानें... क्या होती है ब्रेन डेड अवस्था

ब्रेन डेड वह स्थिति है जब व्यक्ति का दिमाग पूरी तरह और स्थायी रूप से काम करना बंद कर देता है। इसमें दिमाग के सभी हिस्से, खासकर ब्रेन स्टेम जो सांस, दिल की धड़कन जैसी जरूरी चीजें कंट्रोल करता है वो भी बंद हो जाते हैं। इसके बाद कानूनी और मेडिकल रूप से व्यक्ति को मृत माना जाता है। ब्रेन डेड के बाद दिल कुछ समय तक धड़कता है, क्योंकि उसे ऑक्सीजन मिल रही होती है और वो ऑक्सीजन शरीर के दूसरे अंगों तक पहुंचाता है। कई बार वेंटिलेटर से भी दिल को कुछ समय के धड़काया यानी जिंदा रखा जा सकता है। ब्रेन डेड होने के बाद दिल लगभग 4-6 घंटे, फेफड़े लगभग 4-6 घंटे, लीवर लगभग 8-12 घंटे, किडनी लगभग 24-36 घंटे, आंखें / कॉर्निया लगभग 6-12 घंटे, त्वचा लगभग 1-2 दिन, हड्डियां कई दिन तक सुरक्षित रखी जा सकती हैं। यानी दिमाग तुरंत बंद हो जाता है और शरीर के कुछ अंग कुछ देर के लिए कम करते रहते हैं। इसलिए ब्रेन डेड मरीजों से अंगदान किया जाता है।

### क्या होता है ग्रीन कॉरोडिर



ग्रीन कॉरिडोर एक ऐसा विशेष अस्थाई, स्थाई मार्ग है जिसे पुलिस और प्रशासन मिलकर ट्रैफिक मुक्त बनाते हैं। ताकि एम्बुलेंस को अंगदान के लिए कम से कम समय मे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जा सके। जिसका मुख्य उद्देश्य जीवन रक्षक अंगो के परिवहन में लगने वाले समय को घटाकर मरीजों की जान बचाना है।

***रोहतक पुलिस ने हर चौक चौराहे पर बल तैनात करके 3 कॉरिडोर जिनमें 2 दिल्ली और 1 गुरुग्राम के लिए बनाया गया।***

***तीनों कॉरिडोर बनाने में बहुत ही कम समय का अंतराल था। फिर भी रोहतक पुलिस ने न केवल ग्रीन कॉरिडोर को सफलतापूर्वक बनाया, बल्कि सामान्य यातायात व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध भी किए।***



### कई लोगों को मिला जीवनदान



युवक के हृदय, लीवर और लंग्स को नोटो द्वारा दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों को अलॉट किया गया था जहां से तीनों अस्पतालों की टीम ने आकर अंगों को निकाला और अपने साथ ले जाकर मरीज को लगाकर उन्हें नया जीवन दान दिया। युवक की दोनों किडनी और कॉर्निया पीजीआई रोहतक को अलॉट हुए।

-डॉ. एस के सिंघल, निदेशक, पीजीआईएमएस, रोहतक।

## देसी पिस्तौल व दो राउंड के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ निरीक्षक नवीन जाखड़ ने बताया कि मुख्य सिपाही दीपेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम खेड़ी सांपला बस स्टैंड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कुलताना-सांपला रोड स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल के नजदीक खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। पूछताछ में युवक की पहचान कुनाल पुत्र कृष्ण निवासी इस्माइला के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल और दो राउंड बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी से हथियार के स्त्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### पुलिसकर्मी ही नहीं, मुख्य सड़कों पर हाईटेक कैमरे रिकॉर्ड कर रहे हर हरकत

## ट्रैफिक रूल तोड़ने से पहले जान लें हर समय नजर में हैं आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सड़कों पर अब लापरवाही की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है। वजह है पुलिस की बढ़ती सख्ती और तकनीक का बढ़ता इस्तेमाल। पिछले साल जहां पूरे वर्ष में करीब 55 हजार चालान कर पुलिस ने लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपये का जुर्माना वसूला था, वहीं इस साल के शुरुआती तीन महीनों में ही आंकड़े चौकाने लगे हैं। महज तीन महीने में करीब 2 हजार चालान काटे जा चुके हैं और करीब 40 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। इस बार खास बात यह है कि चालान काटने का तरीका बदल गया है। अब सिर्फ सड़क पर खड़े पुलिसकर्मी ही नहीं, बल्कि शहर के चौराहों और मुख्य सड़कों पर लगे हाईटेक कैमरे भी आपकी हर हरकत पर नजर रख रहे हैं। यही वजह है कि करीब एक हजार चालान सिर्फ कैमरों के जरिए किए गए हैं।

■ तीन महीनों में ही 2 हजार से ज्यादा के चालान काट ₹40 लाख जुर्माना वसूला




### अब हर चूक होगी रिकॉर्ड

शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे अब ट्रैफिक नियमों के पालन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रेड लाइट जंप करना, बिना हेलमेट बाइक चलाना, सीट बेल्ट न लगाना या गलत दिशा में वाहन चलाना—हर छोटी-बड़ी गलती कैमरे में कैद हो रही है। इसके बाद वाहन मालिक के पते पर सीधे चालान पहुंच रहा है। पहले जहां लोग पुलिस को देखकर नियमों का पालन करते थे, अब उन्हें हर समय सतर्क रहना पड़ रहा है। क्योंकि कैमरे बिना रुके, बिना थके 24 घंटे काम कर रहे हैं।

### सख्ती की कहानी

| | |
|---|---|
| 2025 में कुल चालान | 55 हजार |
| कुल वसूली | ₹2.80 करोड़ |
| 2026 में मार्च तक चालान | 2 हजार |
| वसूली | ₹40 लाख |
| कैमरों से चालान | 1 हजार |

### इन बातों का रखें ध्यान

- दो पहिया वाहन पर हेलमेट पहनें
- कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं
- रेड लाइट जंप न करें
- ओवरस्पीडिंग से बचें
- गलत दिशा में वाहन न चलाएं
- वाहन के सभी दस्तावेज साथ रखें

### कैमरों का डर ज्यादा

कैमरों के बढ़ते इस्तेमाल का असर अब साफ दिखने लगा है। पहले जहां लोग छोटी दूरी के लिए हेलमेट पहनना जरूरी नहीं समझते थे, अब वे घर से निकलते समय ही सावधानी बरतने लगे हैं। उनका कहना है कि अब चालान से ज्यादा डर कैमरों का है, क्योंकि यहां कोई माफी या बहाना नहीं चलता।"

### हेलमेट और सीट बेल्ट पर खास फोकस

पुलिस की नजर इस समय सबसे ज्यादा हेलमेट और सीट बेल्ट पर है। दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का बड़ा कारण सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल न करना है। इसलिए बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों और बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों पर सख्ती बढ़ाई गई है। ट्रैफिक डीएसपी रवि खुंडिया का कहना है कि चालान का मकसद सिर्फ जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है। यदि लोग नियमों का पालन करें, तो हादसों में काफी कमी लाई जा सकती है।

### ई-चालान सिस्टम और मजबूत होगा

पुलिस ने साफ कर दिया है कि आने वाले समय में और ज्यादा स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ई-चालान सिस्टम को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि नियम तोड़ने वालों को तुरंत सजा मिल सके। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अब 'स्मार्ट सिटी' में स्मार्ट ड्राइविंग जरूरी

शहर अब स्मार्ट निगरानी की ओर बढ़ चुका है। ऐसे में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं बची है। सड़क पर निकलने से पहले यह समझ लें कि हर मोड़ पर कोई न कोई नजर आपको देख रही है। इसलिए जरूरी है कि चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करें। हेलमेट और सीट बेल्ट सिर्फ नियम नहीं, आपकी जिंदगी की सुरक्षा कवच हैं।

## एमडीएमए मामले में फरार आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने एमडीएमए नशीला पदार्थ बरामदगी मामले में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ निरीक्षक नवीन जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआई सन्नी और मंजीत के नेतृत्व में टीम ने पहले कार्रवाई करते हुए पश्चिम बाईपास, सांपला-सोनीपत-झज्जर रोड फ्लाईओवर के नीचे से आशीष निवासी रोहतक को काबू किया था। उसके पास से 1 ग्राम 32 मिलीग्राम एमडीएमए नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने 8 अप्रैल को मामले में शामिल दूसरे आरोपी नवनीत पुत्र सेवाराम निवासी दिल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि नशा तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। इस संबंध में थाना सांपला में मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी और खुलासे होने की संभावना है।

# किसान गेहूं काटने और अंगूठा लगाने में व्यस्त, तो कल कौन लगाएगा जाम

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

मंडियों में खरीद की नई व्यवस्था को लेकर प्रदेश में सियासत और सच्चाई के बीच खींचतान अब खुलकर सामने आ गई है। एक तरफ किसान संगठन 11 अप्रैल को सड़कों पर उतरकर जाम लगाने की चेतावनी दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आंकड़े एक अलग ही कहानी बयां कर रहे हैं। सवाल सीधा है, आखिर कौनसे किसान विरोध कर रहे हैं, जबकि अब किसान गेहूं लेकर मंडी पहुंचने लगे हैं। वीरवार रात आठ बजे तक 8 मंडियों में 2484 गेट पास काटे जा चुके थे। इनमें रोहतक मंडी में 824, कलानौर में 213, लाखनमाजरा में 29, किलोई में 695, सांघी में 153, मदीना में 336, खरक कलां में 234 किसानों ने अंगूठा लगाकर बॉयोमीट्रिक गेट पास जारी करा लिए थे।

### कम खरीद की साजिश

भारतीय किसान यूनियन के राजू मकड़ौली भी इसी सुर में सुर मिलाते हुए आरोप लगाते हैं कि सरकार इस बार करीब 8 हजार मीट्रिक टन कम खरीद करने की तैयारी में है और इसी कारण नई-नई शर्तों के जाल में किसानों को उलझाया जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार को किसानों के हितों से कोई लेना-देना नहीं, बल्कि फैसले लगातार किसान विरोधी दिशा में जा रहे हैं। जिला स्तर पर भी किसान नेताओं ने नई प्रक्रिया को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

## सवाल: विरोध की आग खेतों से उठ रही या फिर कहीं और से दी जा रही है हवा



### ये हो सकता है समाधान

- नई व्यवस्था में लागू जटिल और अव्यवहारिक शर्तों को सरल किया जाना चाहिए। अत्यधिक कागजी कार्रवाई उसे और परेशान करती है
- सरकार को हाइब्रिड सिस्टम अपनाना चाहिए, जिसमें कुछ समय तक पुरानी और नई दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ चलें। इससे किसानों को अचानक बदलाव का झटका नहीं लगेगा और वे धीरे-धीरे नई व्यवस्था को समझ सकेंगे
- मंडी स्तर पर किसान सहायता काउंटर स्थापित किए जाएं, जहां कर्मचारी किसानों की रजिस्ट्रेशन और अन्य प्रक्रियाओं में मदद करें। इससे अनावश्यक चक्कर और समय की बर्बादी कम होगी।
- आढ़तियों की भूमिका को पूरी तरह खत्म करने की बजाय सीमित और पारदर्शी दायरे में तय किया जाए, ताकि टकराव कम हो और व्यवस्था सुचारू चले
- किसान संगठनों के साथ सीधा और खुला संवाद जरूरी है

### व्यवस्था छोटे-मध्यम किसानों की कमर तोड़ने वाली

किसान सभा के जिला प्रधान सुनील मलिक, रणधीर धामड़, प्रीत सिंह, बलबीर बल्हारा, सुशीला, सुमित दलाल और अशोक राठी सहित कई किसानों का कहना है कि यह व्यवस्था छोटे और मध्यम किसानों की कमर तोड़ने वाली है। उनका आरोप है कि खरीद केंद्रों पर कागजी औपचारिकताओं का पहाड़ खड़ा कर दिया गया है, जिससे किसान बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर हैं। किसानों के मुताबिक, पहले जहां प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल थी, अब वहीं हर कदम पर अड़चनें खड़ी हो रही हैं। पारदर्शिता के नाम पर नई व्यवस्था को झंझट का जाल बताया जा रहा है, जिसमें किसान उलझकर रह गया है और उसे अपनी फसल का सही मूल्य मिलने में भी दिक्कत आ रही है। अब हालात ऐसे हैं कि एक तरफ सरकार इसे सुधार की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, तो दूसरी तरफ किसान संगठन इसे खुला हमला मान रहे हैं।

### रोहतक में 62295 पंजीकरण

रोहतक जिले में कुल 62295 किसान पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इनमें से 42,206 किसानों ने चालू रबी सीजन में गेहूं और सरसों बेचने के लिए अंगूठा लगाकर सहमति दी है। रोहतक ब्लॉक में 16,937, कलानौर में 6,104, लाखनमाजरा में 3,024, महम में 10,250 और सांपला में 5,891 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कुल 2,25,750 एकड़ जमीन इस प्रक्रिया के तहत दर्ज की गई है। ऐसे में यह सवाल उठना जरूरी है कि विरोध की आग असल में खेतों से उठ रही है या फिर कहीं और से हवा दी जा रही है। ध्यान रहे कि पंजीकृत किसानों का ही सरकार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदती है।

### पारदर्शिता उद्देश्य

सरकार का दावा है कि नई खरीद व्यवस्था पारदर्शिता लाने के लिए लागू की गई है, ताकि खरीद-फरोख्त में किसी प्रकार की गड़बड़ी पर रोक लग सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले ही साफ कर चुके हैं कि यह कदम किसानों के हित में है और इससे बिचौलियों की भूमिका सीमित होगी। सरकार के मुताबिक, विरोध का असली कारण वही लोग हैं, जिनकी "दुकानदारी" इस सिस्टम से प्रभावित हो रही है।

### नई व्यवस्था फेल

इस समय किसान संगठनों का सुर बेहद तीखा है। किसान सभा हरियाणा के प्रदेश सचिव सुमित दलाल का कहना है कि यह नई व्यवस्था जमीन पर पूरी तरह फेल साबित हो रही है। उनका तर्क है कि जब किसान खेत में कटाई में जुटा है, तो वह खुद मंडी में फसल लेकर कैसे पहुंचेगा? उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि अगर 10 तक सरकार ने शर्तें वापस नहीं लीं, तो 11 अप्रैल को मकड़ौली टोल प्लाजा पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जोरदार विरोध होगा।



सांपला। अनाज मंडी में गेहूं की बढ़ती आवक के बीच लगी किसानों की भीड़।

## सांपला मंडी में 1.86 लाख क्विंटल आवक

- सिर्फ 11% गेहूं की खरीद-मौसम साफ होते ही रफ्तार बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

मौसम के साफ होते ही सांपला अनाज मंडी में गेहूं की आवक और सरकारी खरीद दोनों ने अचानक गति पकड़ ली है। कई दिनों की धीमी रफ्तार के बाद बुधवार को मंडी में किसानों की चहल-पहल बढ़ी और आंकड़ों में भी बड़ा उछाल देखने को मिला। मंडी में आज करीब 26 हजार क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई, जो एक दिन पहले की तुलना में लगभग दोगुनी है। इसी तरह सरकारी खरीद में भी तेजी आई और 8078 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। गेट पास जारी करने की प्रक्रिया भी तेज रही, जहां आज 423 गेट पास बनाए गए, जबकि एक दिन पहले यह संख्या 204 थी। अगर अब तक के कुल आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 1 लाख 86 हजार क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है, लेकिन इसके मुकाबले केवल 21308 क्विंटल की ही सरकारी खरीद हो सकी है। यानी कुल आवक का करीब 11 प्रतिशत ही खरीदा गया है, जिससे पहले किसानों और आढ़तियों में नाराजगी का माहौल बन रहा था। दरअसल, 1 अप्रैल से खरीद शुरू होने के बावजूद शुरुआती दिनों में प्रक्रिया काफी धीमी रही। पहले 8 दिनों में महज 13230 क्विंटल गेहूं ही खरीदा गया।

### तेज होने की संभावना

मार्केट कमेटी सचिव सविता सैनी के अनुसार, मौसम साफ रहने से फसल की गुणवत्ता बेहतर हो रही है और खरीद प्रक्रिया में भी तेजी आई है। यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहता है तो खरीद और तेज होने की संभावना है।



रोहतक। मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

गांव खैरड़ी में बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित

## जयंती से पूर्व बिगड़ा माहौल वारदात सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जिले के खैरड़ी गांव में बुधवार देर रात शरारती तत्वों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किए जाने की घटना ने पूरे इलाके का माहौल गर्मा दिया है। खास बात यह है कि यह घटना ऐसे समय हुई है जब गांव में 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली आंबेडकर जयंती की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। देर रात मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक गांव में पहुंचे और प्रतिमा को नुकसान पहुंचाकर मौके से फरार हो गए।

### अलग भवन की मांग

ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है, बल्कि बाबा साहेब के नाम पर अलग भवन के लिए स्थान की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकेगा।

### पुलिस ने की जांच तेज

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राकेश कुमार, थाना प्रभारी सतपाल सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ले ली है।

### सद्भावना स्थल बनाया था पहले

ग्रामीणों के अनुसार, जिस स्थान पर यह घटना हुई है, वहां पहले "सद्भावना स्थल" बनाया था। बाद में गठबंधन सरकार के दौरान पूर्व सरपंच भूपेंद्र सेहरावत द्वारा यहां कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण करवाया गया और उसका नाम चौधरी देवीलाल के नाम पर रखा गया। इस नामकरण को लेकर गांव में पहले भी असंतोष की स्थिति बनी थी।

### जयंती से पहले तनाव

14 अप्रैल को होने वाली अंबेडकर जयंती को लेकर गांव में विशेष कार्यक्रमों की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में इस घटना ने न सिर्फ माहौल को तनावपूर्ण बना दिया है, बल्कि प्रशासन की चिंता भी बढ़ा दी है।

**सुबह होते ही फूटा गुस्सा:** गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को खंडित अवस्था में देखा तो पूरे गांव में रोष फैल गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। ग्रामीणों ने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई है, वह गांव में आपसी भाईचारे का प्रतीक माना जाता रहा है। ऐसे में इस तरह की हरकत ने लोगों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है।

## अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

- अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी
- सरकार विरोधी नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना प्रर्शन करते अग्निशमन कर्मचारी संघ के सदस्य।

जिले के फायर स्टेशन पर अग्निशमन कर्मचारी संघ (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की हड़ताल आज दूसरे दिन भी मजबूती के साथ जारी रही। जिला प्रधान सोनू हुड्डा की अध्यक्षता और राज्य उप प्रधान अरुण ढुल के संचालन में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल का मुख्य कारण 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद की कालकाजी स्टील फैक्ट्री में आग बुझाते समय बलिदान देने वाले दो फायर कर्मियों, भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह को न्याय दिलाना है। कर्मचारी नेताओं—जयवीर चहल, कर्मवीर सिवाच और मनजीत पांचाल—ने पुरजोर मांग की है कि इन दिवंगत वीरों को 'शहीद' का दर्जा दिया जाए। साथ ही, उनके परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच ने सरकार पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। इस अवसर पर जोगिंदर दलाल, राजेश खोखर, बलविंदर और सैकड़ों अन्य कर्मचारी।

## कैप्टन सौरभ सोढी ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की

रोहतक। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित मित्र कक्ष में कैप्टन सौरभ सोढी (सीनियर कमांडर) अपने वेरिफिकेशन कार्य के लिए पहुंचे, जहां उन्हें त्वरित और प्रभावशाली सेवा का अनुभव हुआ। मित्र कक्ष के स्टाफ ने तुरंत प्रक्रिया शुरू करते हुए करीब डेढ़ से दो घंटे के भीतर उनका पूरा वेरिफिकेशन कार्य संपन्न कर दिया। वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद कैप्टन सौरभ सोढी ने रोहतक पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि वे यहां की तेज और पारदर्शी व्यवस्था से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने रोहतक पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि कार्य को जिस कुशलता और प्रभावी तरीके से किया गया, वह सराहनीय है।

## फरीदाबाद आगजनी के शिकार दोनों दमकल कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देने की मांग

- दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे महम केंद्र के कर्मचारी
- नगर पालिका कर्मचारी भी रोष प्रदर्शन में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम




महम। नगर पालिका कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते नगर पालिका कर्मचारी व दमकलकर्मी। फोटो: हरिभूमि

गत 16 फरवरी को फरीदाबाद की कालकाजी स्टील फैक्ट्री में हुई आगजनी में राहत और बचाव कार्य करते हुए मारे गए फायर कर्मियों भवीचंद् शर्मा और रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर महम फायर स्टेशन पर लगातार दूसरे दिन अग्निशमन कर्मचारी हड़ताल पर रहे। नगर पालिका कर्मचारियों ने भी दमकलकर्मियों की हड़ताल का समर्थन किया। नगर पालिका कार्यालय के सामने नगर पालिका कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मांग है कि मृतक कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पीड़ित परिवार के एक आश्रित परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए।

### भेदभाव का आरोप

सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान राजेंद्र डाबला ने कहा कि सरकार अग्निशमन के कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण बर्ताव कर रही है। सूरजकुंड मेले में झूला टूटने पर हादसे में शिकार हुए पुलिस कर्मी को सरकार द्वारा शहीद का दर्जा दिया गया है। परिजनों को एक-एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। उसी तर्ज पर फायर के कर्मचारी भवीचंद् शर्मा व रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा दिया जाए। यदि सरकार ने कर्मचारियों की यह मांग नहीं मानी तो हड़ताल अनिश्चितकालीन समय के लिए बढ़ा दी जाएगी। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर पालिका संघ महम की प्रधान बबीता ने की।



रोहतक। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल।

### गांव चलो अभियान में संगठन मजबूत करने पर जोर

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी चिड़ी मंडल की संगठनात्मक बैठक गांव सांघी में आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। बैठक में चेयरमैन खुशीराम हुड्डा की विशेष उपस्थिति रही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक पार्टी द्वारा "गांव चलो अभियान" चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पदाधिकारी गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से आमजन से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय समितियों का गठन करना है। बैठक में मुख्य अतिथि राहुल राणा ने आगामी कार्यक्रमों, विशेषकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर रणनीति साझा की और कार्यकर्ताओं से इन्हें सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में मंडल स्तर पर संगठन को और सशक्त करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर आकाश नांदल, धर्मबीर सैनी, रामदिया, सोनू, अमन, कुलदीप, रामनिवास सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

### मानव, पशु और पर्यावरण के समन्वय से बीमारियों की रोकथाम पर जोर दिया

रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) में आयोजित शिक्षक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के सातवें दिन वन हेल्थ विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी जटिल चुनौतियों पर गहन चर्चा हुई। पहले सत्र में डॉ. गया प्रसाद ने बताया कि बदलती कृषि पद्धतियां और खाद्य प्रणालियां नए वायरस के फैलाव का कारण बन रही हैं। दूसरे सत्र में डॉ. मीनाक्षी प्रसाद ने मानव, पशु और पर्यावरण के समन्वय से बीमारियों की रोकथाम पर जोर दिया। तीसरे सत्र में डॉ. सचिनंदन डे ने जीवाणु प्रतिरोधक क्षमता के बढ़ते खतरे को गंभीर बताया। वहीं अंतिम सत्र में प्रो. हरीश दुरेजा ने दवाओं के अपशिष्ट के पर्यावरण पर दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

### नीमा स्थापना दिवस पर कल रोहतक में लगेगा रक्तदान शिविर

रोहतक। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नीमा रोहतक ब्रांच व विमेन फोरम द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 अप्रैल, शनिवार को सुबह 9:30 बजे रेड क्रॉस भवन, तहसील के नजदीक आयोजित होगा। नीमा रोहतक के प्रधान डॉ. सुनील खटखड़ और सचिव डॉ. सिद्धार्थ नांदल ने बताया कि स्थापना दिवस पर देशभर की शाखाएं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर रही हैं। इनमें रक्तदान शिविर, मुफ्त स्वास्थ्य जांच, बीमारियों के प्रति जागरूकता, स्वच्छता के माध्यम से स्वास्थ्य संरक्षण और भ्रूण हत्या व नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान शामिल हैं। स्टेट पैट्रन डॉ. एस.एम. कोशिश, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. धर्मपाल मुदगिल, विमेन फोरम की प्रधान डॉ. तरूणा व सचिव डॉ. अनिता कुंडू ने कहा कि चिकित्सकों का उद्देश्य केवल इलाज ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना भी है। डॉ. संजीव मदान, डॉ. सुनीता मग्गू, डॉ. संजय अग्घी, डॉ. किरण सोनी और डॉ. दिनेश मनचंदा ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है, ताकि जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके।

### महावीर जैन की जयंती पर 12 अप्रैल को लगेगा रक्तदान शिविर : राजेश जैन

- अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील

रोहतक। स्वर्गीय वरिष्ठ पत्रकार महावीर जैन की 66वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्री महावीर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 18वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर 12 अप्रैल रविवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक जैन धर्मशाला, बाबरा मोहल्ला में लगाया जाएगा। ट्रस्ट के संचालक राजेश जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील की है। शिविर में विभिन्न गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में एल.पी.एस. बोसार्ड के एमडी एवं समाजसेवी राजेश जैन अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं समाजसेवी दिनेश गोयल और पीएनबी के प्रबंधक मनोज मखीजा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान महादान है और इस प्रकार के शिविर समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मानवता की सेवा का सशक्त माध्यम बनते हैं।

**मान-सम्मान** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर प्रतियोगिता

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा स्वाति ने विज्ञान निबंध में जीता सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 11वीं की मेधावी छात्रा स्वाति ने हरियाणा राज्य स्तरीय काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्वाति ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते 3000 का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्राप्त किया। इस उपलब्धि से स्वाति ने न केवल विद्यालय, बल्कि जिले और परिवार का नाम भी गौरवान्वित किया है।



### मेहनत व लग्न से सफलता पक्की

विद्यालय के प्रबंधक राजेश सांगवान ने छात्रा की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए साइंस विभागाध्यक्ष रामेहर शर्मा और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और लग्न से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान और स्कूल कोऑर्डिनेटर प्रमिला सांगवान ने भी स्वाति की सराहना करते हुए इसे उसकी कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और स्वाति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। रेलवे स्टेशन पर अग्रोहा धाम जा रहे श्रद्धालुओं को सम्मानित करते महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### रेलवे स्टेशन पर लखनऊ अग्रवाल समाज का भव्य स्वागत

रोहतक। रेलवे स्टेशन पर महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने लखनऊ से अग्रोहा धाम जा रहे 80 श्रद्धालुओं के दल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। यह श्रद्धालु मंडल लखनऊ शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में लोक राम अग्रवाल, मनोज हवेलिया और सुरेंद्रनाथ अग्रवाल के नेतृत्व में अग्र कुलदेवी मां लक्ष्मी के दर्शन हेतु अग्रोहा धाम की यात्रा पर निकला है। इस अवसर पर लोक राम अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा को अपनी राजधानी बनाया था और मां लक्ष्मी की आराधना कर सिद्धि प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि अग्रोहा धाम अग्रवाल समाज का पितृ स्थल है और प्रत्येक अग्रवाल को वर्ष में कम से कम एक बार यहां दर्शन अवश्य करने चाहिए।



रोहतक। श्रीबालाजी धाम डोभ से सालासर के लिए रवाना होते प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल व भक्तजन। फोटो: हरिभूमि

### श्रीबालाजी के लिए चौथी डाक ध्वजा पैदल यात्रा रवाना

रोहतक। वीरवार को श्रीबालाजी धाम डोभ से सालासर श्रीबालाजी की चौथी डाक ध्वजा यात्रा को संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने हरी झंडी दिखा और जोत प्रचंड कर सभी भक्तजनो के साथ यात्रा को रवाना किया। इससे पहले यात्रा सुनारिया चौक से झज्जर चुंगी रेलवे रोड पुरानी अनाज मंडी दुर्गा भवन भिवानी चुंगी से होते हुए बालाजी धाम डोभ पहुंची। यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी पहुंचे भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए जिससे सारा माहौल भक्तिमय में हो गया। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र सुंदर-सुंदर झांकियां सभी भक्तजन बड़े हर्षोल्लाह से झूमते नाचते हुए बालाजी धाम पहुंचे। इस अवसर पर पंकज बंसल, मनीष गुप्ता, योगेश कपूर, नीरज, सनी, पवन, सुखदेव, शोनू दाहिया, सतीश, मुकेश, मोनु रामोतार मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### साक्षी मलिक कल राजकीय कॉलेज में

**रोहतक/महम।** मोखरा स्थित साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय में 11 अप्रैल को एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम में दीक्षांत समारोह, वार्षिक पुरस्कार वितरण और एलुमनाई मीट का विशेष संगम देखने को मिलेगा। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मनीष कुमार ग्रोवर होंगे, जो मेधावी छात्रों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक निवास हुड्डा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व छात्रों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। प्राचार्या के अनुसार, एलुमनाई मीट के माध्यम से पुराने विद्यार्थी अपनी यादें साझा करेंगे और वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

### मौसम में बदलाव से तीन डिग्री बढ़ा तापमान

**बहादुरगढ़।** बीते कुछ दिनों से मौसम में बदलाव के कारण तापमान में लगातार उतार चढ़ाव आ रहा है। बुधवार को जहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री था तो वीरवार को 30 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर धूप खिली रही। दरअसल, बीते दो दिनों बूंदाबांदी और ठंडी हवा के कारण तापमान में काफी गिरावट आई थी। सुबह और रात के वक्त ठंड महसूस हो रही थी। फिलहाल अप्रैल के हिसाब से तापमान कम ही है। आगामी दिनों में तेजी से वृद्धि होगी।

### शिविर में एसडीएम के सामने आईं 10 शिकायतें

**बहादुरगढ़।** एसडीएम अभिनव सिवाच ने वीरवार को शहर के लघु सचिवालय में आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। शिविर में पीपीपी, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम, हशविप्रा, पुलिस विभाग व लोक निर्माण विभाग से संबंधित 10 शिकायतें पहुंची। लोगों की शिकायतों का निवारण करना ही सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश मेहरा व ईओ संजय रोहिल्ला आदि रहे।

## शहर में गैस को लेकर अफरा-तफरी प्रशासन का दावा, आपूर्ति सामान्य

# व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर से पहले पीएनजी रजिस्ट्रेशन जरूरी

**उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि पहले पीएनजी की व्यवस्था को पूरी तरह सुचारू किया जाए उसके बाद ही एलपीजी पर सख्ती लागू की जाए, फिलहाल शहर में परेशान कर रही गैस की किल्लत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक शहर में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर को लेकर नई व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

प्रशासन की ओर से किए जा रहे दावों के विपरीत जमीनी हकीकत यह है कि लोगों को एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझना पड़ रहा है। अब व्यावसायिक सिलेंडर प्राप्त करने के लिए पहले पीएनजी(पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सरकार ने पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के उपयोग को बढ़ावा देने और एलपीजी पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। इसके तहत तेल कंपनियों के पोर्टल पर जाकर उपभोक्ताओं को पहले पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा। हालांकि, इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद से ही लोगों को कई तरह की व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



**शहर में कितने पीएनजी ग्राहकों ने अपने एलपीजी कनेक्शन विड्रा कराए, तेल कंपनियों से जुटाया जा रहा है डाटा**

### डेटा किया जा रहा मैच

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक हरिओम बताते हैं कि शहर में पीएनजी सप्लाई वाले क्षेत्रों में एलपीजी कनेक्शन छोड़ने वाले उपभोक्ताओं का आंकड़ा जुटाने के लिए अब विभागीय स्तर पर डेटा मिलान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन यह जानने में लगा है कि जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हैं, उनमें से कितने उपभोक्ताओं ने अपने एलपीजी कनेक्शन वास्तव में सरेंडर किए हैं। इसी को देखते हुए अब तेल कंपनियों और संबंधित विभागों के बीच डेटा साझा कर मिलान किया जा रहा है। इसके तहत पीएनजी कनेक्शन धारकों की सूची को एलपीजी उपभोक्ताओं के रिकॉर्ड से मिलाया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितने लोगों ने वास्तव में एलपीजी कनेक्शन छोड़ा है और कितने अब भी दोनों सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं।

### तय समय में भी नहीं हो रही सिलेंडर बुकिंग

उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले ही एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई नियमित नहीं है। खासकर छोटे होटल, ढाबे और रेहड़ी संचालकों के सामने गैस की उपलब्धता को लेकर संकट खड़ा हो गया है। शहर में पीएनजी कनेक्शन की स्थिति पर नजर डालें तो वर्तमान में रोहतक के सेक्टरों सहित विभिन्न इलाकों में कुल 14,322 पीएनजी कनेक्शन सक्रिय बताए जा रहे हैं। इसके अलावा करीब 500 कनेक्शन ऐसे हैं, जो अभी भी निष्क्रिय पड़े हैं। जानकारों का मानना है कि पीएनजी नेटवर्क का विस्तार तो हुआ है, लेकिन इसकी पहुंच और उपयोग अभी भी पूरी तरह से संतोषजनक नहीं है। गौरतलब है कि सरकार ने लगभग दो सप्ताह पहले आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया था कि जिन परिवारों के पास पीएनजी कनेक्शन है, उन्हें अपने एलपीजी कनेक्शन वापस करने होंगे। हालांकि, इस आदेश के बावजूद अभी तक एलपीजी कनेक्शन को आधिकारिक रूप से वापस लेने की प्रक्रिया पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है। इससे स्थिति और अधिक भ्रमपूर्ण हो गई है। लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार पीएनजी को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर एलपीजी की आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा, जिससे दोनों व्यवस्थाओं के बीच तालमेल की कमी साफ दिखाई देती है।

**ये दिए हैं निर्देश**

सरकार की ओर से हाल ही में निर्देश जारी किए गए थे कि जिन परिवारों के पास पीएनजी सुविधा उपलब्ध है और वे उसका उपयोग कर रहे हैं, उन्हें एलपीजी कनेक्शन वापस करना होगा। इस निर्णय का उद्देश्य एलपीजी पर निर्भरता कम करना और पीएनजी जैसी अपेक्षाकृत सस्ती व सुविधाजनक गैस व्यवस्था को बढ़ावा देना है। हालांकि, आदेश जारी होने के बाद भी जमीनी स्तर पर इसकी पालना नहीं हो पाई है।

## हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन का 19 से शुरू होगा प्रदेशव्यापी टैलेंट हंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने प्रदेश के युवा और उभरते हुए तेज़ गेंदबाज़ों के लिए फास्ट बॉलर टैलेंट हंट 2026' के आयोजन की घोषणा की है। इस विशेष अभियान के तहत 19 से 21 अप्रैल तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चयन प्रक्रिया (ट्रायल) आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 से 22 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। सबसे पहले 19 अप्रैल को रोहतक ज़ोन के ट्रायल लाहली स्थित चौ. बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे, जिसमें रोहतक सहित भिवानी, चरखी दादरी, हिसार, सिरसा और सोनीपत जैसे जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके बाद 20 अप्रैल को करनाल के राणा ब्रदर्स क्रिकेट अकादमी में करनाल, अंबाला, कुरुक्षेत्र और पानीपत सहित अन्य जिलों के ट्रायल लिए जाएंगे। अंतिम चरण में 21 अप्रैल को गुरुग्राम के ग्राउंड (सुल्तानपुर) में गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी और झज्जर सहित आसपास के जिलों के तेज़ गेंदबाज़ अपनी रफ्तार का लोहा मनवाएंगे। सभी स्थानों पर ट्रायल का समय सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा।

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि केवल वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने पिछले दो वर्षों में बीसीसीआई के किसी भी टूर्नामेंट में हरियाणा का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। इच्छुक खिलाड़ियों के लिए 17 अप्रैल तक हरियाणा क्रिकेट संघ की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## बीएमयू में वैदिक संस्कृति और आधुनिक विज्ञान पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा "वैदिक संस्कृति और आधुनिक विज्ञान का अंतरसंबंध" विषय पर एक दिवसीय संस्कृत प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों ने वैदिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच गहरे संबंधों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर कमल चंद्र योगी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चिंतन की आधारशिला है। उन्होंने वेदों और उपनिषदों में निहित वैज्ञानिक तथ्यों को आधुनिक अनुसंधानों से जोड़ते हुए बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा सदैव वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीन ग्रंथों में वर्णित सिद्धांत आज के विज्ञान के कई पहलुओं से मेल खाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश भारद्वाज ने की। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और उसे आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। इस अवसर पर डॉ. बबलू शर्मा और डॉ. हरिओम ने भी संस्कृत की वैज्ञानिक उपयोगिता और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. ब्रह्म प्रकाश, डॉ. बाबूराम और डॉ. मंजीत सहित कई विद्वान उपस्थित रहे। विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप



विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा

### राजकीय महिला कॉलेज में कानूनों की दी जानकारी

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में वीरवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विभिन्न अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छह प्रतियोगिताएंः कविता पाठ, भाषण, वाद-विवाद, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने सामाजिक मुद्दों को उठाया और अपनी प्रस्तुतियां दीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा के कुशल निर्देशन और कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. यशपाल के संयोजन में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पारुल, डॉ. विशाल, डॉ. संदीप, डॉ. रीना और डॉ. रेणु भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम बहुत बढ़िया रहा।



रोहतक। विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक व अन्य प्रोफेसर।

### मदवि फार्मास्यूटिकल के 7 छात्र जीपैट में सफल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के 7 छात्रों ने प्रतिष्ठित जीपैट 2026 परीक्षा में सफलता हासिल कर एमडीयू का नाम रोशन किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने सफल छात्रों-करिश्मा, अंशिता, तरुण, जतिन शर्मा, कंचन, गायत्री और पूजा को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विभाग को अपने इन होनहार छात्रों पर गर्व है और यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस मौके पर विभाग शिक्षक प्रो अरुण नंदा, प्रो मुनीष गर्ग, प्रो हरीश दुरेजा, प्रो अनुराग खटकड़, प्रो विनीत और प्रो महेश कुमार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि जीपैट परीक्षा देश की प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है, जिसमें सफलता हासिल करना बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेश, आचार्य नंदकिशोर, आचार्य नंदलाल व प्राचार्य संजय कौशिक।

### गुरुकुल विश्वभारती में 'नवनिर्माण सत्रारंभ समारोह'

**रोहतक।** लाढ़ोत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में 'नवनिर्माण सत्रारंभ समारोह' का भव्य आयोजन वैदिक मंत्रों और यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र यज्ञ में आहुतियां देकर हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। मुख्य अतिथि स्वामी आर्यवेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या प्राप्ति के लिए संयम, अनुशासन और संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ पढ़ाई शुरू करने की प्रेरणा दी और उपनयन संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मपाल मलिक ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आचार्य नंदकिशोर, आचार्य नंदलाल और प्राचार्य संजय कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान ने समां बांध दिया। समारोह का संचालन संजीव कुमार ने किया।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता ।

### आईएचएम में मानसिक स्वास्थ्य पर विचार किए व्यक्त

**रोहतक।** आईएचएम रोहतक में स्टाफ एवं विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि यह सत्र प्रख्यात मनोवैज्ञानिक राज आलमपुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव और दबाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना तथा सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। अपने संबोधन में राज आलमपुर ने वर्तमान समय में बढ़ते मानसिक तनाव, प्रतिस्पर्धा और बदलती जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव, करियर को लेकर चिंता और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए।

## शिक्षा को बढ़ावाः राजकीय महिला महाविद्यालय और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी (हरियाणा शाखा) के बीच एमओयू करते प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुडा ।

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी (हरियाणा शाखा) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस साझेदारी के तहत महाविद्यालय में छात्राओं के लिए योग, 'संस्कार भारत को जानो', सेवा एवं समाजोपयोगी गतिविधियों के साथ-साथ साहसिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे उनके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुडा ने कहा कि यह समझौता न केवल दोनों संस्थानों के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना आज की आवश्यकता है। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. अंजू बाला, डॉ. प्रवीण खत्री, सुनीता सहगल और अनिल कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## भूमिका ढाका का एशियन मुक्केबाजी के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



कस्बा महम के वार्ड एक निवासी दसवीं कक्षा की छात्रा भूमिका ढाका ने 4 से 9 अप्रैल तक पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्टस में आयोजित की गई 15 आयु वर्ग और 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। मुक्केबाज भूमिका ढाका का इंडिया की 15 आयु वर्ग टीम के लिए चयन किया गया है। अब भूमिका एक मई से 16 मई तक उज्बेकिस्तान में होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। परिजनों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी बेटटी देश के लिए मेडल जीतकर लौटेगी। इस उपलब्धि के लिए भूमिका ने हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष सत्यपाल सिंधु और हरियाणा बॉक्सिंग संघ के सचिव ओमबीर हुड्डा का आभार जताया है। कहा है कि उनके मार्गदर्शन से वह राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत पाई है।




## 29 से शुरू होगी 8वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**रोहतक।** जींद जिले के नरवाना स्थित नवदीप स्टेडियम में 8वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 29 और 30 अप्रैल को भव्य आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर एथलेटिक्स हरियाणा ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों के एथलीट खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और अपने-अपने जिलों का गौरव बढ़ाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।महासचिव प्रदीप मलिक ने प्रतियोगिता की तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि चैंपियनशिप में 100, 200, 400, 800, 1500, 5000 और 10,000 मीटर की दौड़ के साथ-साथ 100, 110 व 400 मीटर हर्डल, 3000 मीटर स्टेपल चेज, हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप, पोलवाल्ट, शाट पुट, डिस्कस, हैमर, जेवलिन थ्रो, हैप्टाथलान और डैक्थलान जैसे इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे।

## एमडीयू के शिक्षकों की समस्याओं का समाधान

# कुलसचिव के हस्तक्षेप से स्पेशल एजुकेशन विभाग के शिक्षकों का गतिरोध समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत से मुलाकात करते सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज विभाग के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। महर्षि दयानंद विवि के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज विभाग में पिछले एक महीने से जारी प्रशासनिक खींचतान आखिरकार समाप्त हो गई है। विवि के कुलसचिव (रजिस्ट्रार) डॉ. कृष्णकांत ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान कर दिया है।

मामले की गंभीरता तब बढ़ गई थी जब प्रशासन द्वारा नियुक्त किए गए नए अस्थाई लिपिक को 'साइन लैंग्वेज' (सांकेतिक भाषा) का ज्ञान नहीं था। विशेष शिक्षा विभाग के मूक-बधिर विद्यार्थियों के लिए संवाद करना एक बड़ी चुनौती बन गया था। इसके साथ ही प्रशासनिक अनुभव की कमी के कारण छात्रों के रोल नंबर और शिक्षकों के वेतन संबंधी कार्य भी अधर में लटके हुए थे। छात्र नेता और एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स' के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ के नेतृत्व में एक विशाल प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव से मुलाकात की। डॉ. कृष्णकांत ने मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए तुरंत निर्देश जारी किए और एक ऐसे अनुभवी लिपिक की नियुक्ति सुनिश्चित की जो विभाग की विशिष्ट कार्यप्रणाली और सांकेतिक भाषा को समझने में सक्षम है।

### कुलसचिव की पहल सराहनीय

दीपक धनखड़ ने कहा कि विवि एक परिवार की तरह है। जब प्रशासन विद्यार्थियों की जायज मांगों को सुनकर त्वरित निर्णय लेता है, तो संस्थान के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। डॉ. कृष्णकांत का यह सकारात्मक दृष्टिकोण अन्य अधिकारियों के लिए भी एक मिसाल है। रजनी, अनुजा, स्वाति, रूपेश, मनीषा रानी, नवीन सांगवान, हिमानी, निधि, सुरजीत, मुस्कान सहित भारी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित रहे।

## मातृ दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना जन जागरण पदयात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आज मानव उत्थान सेवा समिति जिला रोहतक द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर सद्भावना जन जागरण पदयात्रा का आयोजन नई अनाज मंडी के गेट नं. 1 से सुनारियां चौक, जनता कॉलोनी, शिवाजी कॉलोनी चौक से रुपया चौक मानव धर्म आश्रम इंद्र नगर तक किया गया । उसके साथ ही बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक आयोजन किये गये। यह सद्भावना यात्रा प्रभारी पूज्य महात्मा विपुला बाई जी की अध्यक्षता में निकाली गई यात्रा में पूज्य महात्मा चंद्रावती बाई जी दिल्ली से और पूज्य सुदेवी बाई जी झज्जर, श्री श्री कालिदास जी महाराज प्रोग्राम में पधारे। यह कार्यक्रम समिति के कार्यकर्तागण, मानव सेवा दल, यूथ टीम, प्रेमी भाई-बहनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### ज्ञान उसी को प्राप्त होता है जिसके हृदय में श्रद्धा

संतों ने कहा जब-जब महान शक्तियां संसार में अवतरित होती हैं, वे ज्ञान के माध्यम से मानव का उद्धार करती हैं। पर यह ज्ञान उसी को प्राप्त होता है जिसके हृदय में श्रद्धा और विश्वास होता है। ऐसे ही साधकों को वे संसार के आवागमन से मुक्त कर देती हैं। नारी ही समाज की जननी एवं निर्मात्री है।

## गोल्डन गर्ल मीनाक्षी बोलीं- मां की सीख, कोच की रणनीति और संघर्ष ने दिलाया गोल्ड मेडल

# बॉक्सिंग ग्लब्ज पहनने पर जिन लोगों ने सुनाए थे ताने, अब वही आए जश्न मनाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेल के मैदान में जब जज्बा और परिवार का आशीर्वाद साथ हो, तो सफलता कदम चूमती ही है। रोहतक की बेटी मीनाक्षी ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मीनाक्षी की मां सुनीता ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें अपनी बेटी पर पूरा विश्वास था। उन्होंने साझा किया कि बुधवार शाम को उनकी मीनाक्षी से बात हुई थी। उस समय उन्होंने अपनी बेटी को खेल की सच्ची भावना का पाठ पढ़ाया था। मैंने मीनाक्षी से कहा था कि मैदान में दो खिलाड़ी उतरते हैं, तो एक की जीत और एक की हार तय है। अगर हार भी जाओ, तो यह सोचकर दुखी नहीं होना कि मैं हार गई। याद रखना कि तुम्हारा प्रतिद्वंद्वी भी कड़ी मेहनत और अभ्यास के बाद ही इस बड़े मंच तक पहुंचा है। मां के इन शब्दों ने मीनाक्षी के मन से हार का डर निकाल दिया और उसने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। बेटी की उपलब्धि की कहानी संघर्ष और सादगी से भरी है। जिस वक्त मीनाक्षी जीत का परचम लहरा रही थी, उसके पिता कृष्ण रोजाना की तरह अपना ऑटो लेकर काम पर रोहतक गए हुए थे। उन्हें इस स्वर्णिम सफलता की जानकारी मीनाक्षी की सहेलियों ने फोन पर दी। बेटी के गोल्ड जीतने की खबर मिलते ही पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए।




### लाइव मैच न देख पाने की रही कसक

परिजनों ने बताया कि इस बार मैचों का लाइव प्रसारण नहीं हो रहा था, जिसके कारण वे मीनाक्षी के मुकाबले अपनी आंखों से नहीं देख पाए। हालांकि, उन्हें पूरा भरोसा था कि उनकी बेटी खाली हाथ नहीं लौटेगी। मां ने उम्मीद जताई कि मीनाक्षी भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन जारी रखेगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाएगी।



### कोच की रणनीति पर खरी उतरीं मीनाक्षी



कोच विजय हुड्डा ने जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मैच से पहले मीनाक्षी को विशेष रणनीति समझाई गई थी। उन्होंने मीनाक्षी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मैच को शुरू से ही अपने नियंत्रण में रखना है और विपक्षी खिलाड़ी को हावी होने का एक भी मौका नहीं देना है। कोच विजय हुड्डा ने कहा मैंने मीनाक्षी को पहले ही कहा था कि उसे विपक्षी खिलाड़ी को स्कोर लेने का कोई अवसर नहीं देना है। रिंग में उसे इस तरह आक्रामक और तकनीकी खेल दिखाना था कि सामने वाले को प्वाइंट्स के लिए तरसना पड़े। मीनाक्षी ने बिल्कुल वैसा ही किया और पूरी एकाग्रता के साथ मैच जीता। मीनाक्षी की इस एकतरफा जीत से खेल प्रेमियों और शहीद बैतून सिंह अकादमी रुड़की के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। कोच ने उम्मीद जताई कि आगामी प्रतियोगिताओं में भी मीनाक्षी इसी तरह का बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेंगी।

### 2013 में शुरू की थी बॉक्सिंग, लोग कहते थे- चोट लग जाएगी तो शादी कौन करेगा

साल 2013 में जब मीनाक्षी ने बॉक्सिंग के ग्लब्ज पहने, तो लोगों ने उनके परिवार पर तानों की बौछार कर दी। लड़की होकर बॉक्सिंग खेलेगी, चोट लग जाएगी, शादी कौन करेगा जैसे ताने उनके कानों में गूंजते थे। यहां तक कि परिवार वाले भी थोड़ा डरते थे कि लड़कियों के लिए बाहर माहौल भी अच्छा नहीं है, लेकिन मीनाक्षी के हौसले बुलंद थे। अब अच्छा प्रदर्शन करके मेडल आने लगे तो उन्हीं लोगों ने ताने मारने छोड़ और उनके साथ जश्न में शामिल होने पहुंच गए। मीनाक्षी ने बताया कि पिता कृष्ण ऑटो चलाते हैं। मां सुनीता गृहिणी व चार भाई बहनें हैं। जब खेलना शुरू किया था तो उस समय लोगों ने ताने मारे कि बॉक्सिंग खेलकर क्या करेगी।

### मीनाक्षी की उपलब्धियां

वर्ष 2017 में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता जीती। 2019 में यूथ नेशनल प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। 2021 में सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2022 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2022 नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2024 में ब्रिक्स गेम्स व एलोर्डा कप में स्वर्ण पदक जीता।

---

जान जोखिम में डाल रेलवे लाइन पार कर रहे लोग

# डबल फाटक अंडरपास में जलभराव से बढ़ी परेशानी

- 10-12 कॉलोनियों के हजारों लोग प्रभावित, कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखने के बावजूद नहीं हुआ समाधान
- हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहन भी इस रास्ते से नहीं निकल पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के डबल फाटक अंडरपास में लगातार बढ़ते जलभराव ने आमजन की परेशानी को गंभीर रूप दे दिया है। अंडरपास के अंदर पानी का स्तर इतना बढ़ चुका है कि लोगों का वहां से निकलना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में लोग अब रेलवे लाइन पार कर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

- कई बार प्रशासन को शिकायत भी दी जा चुकी

समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि यह अंडरपास शहर की करीब 10 से 12 कॉलोनियों के लिए प्रमुख मार्ग है। इनमें श्रीनगर कॉलोनी, चावला कॉलोनी, गीता कॉलोनी, आजाद नगर, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, प्रीत विहार, अंबेडकर कॉलोनी, एकता कॉलोनी, कण्हेली गांव, शिवाजी कॉलोनी और कमला नगर सहित अन्य क्षेत्रों के लोग रोजाना इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में अंडरपास में पानी भरने से हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि हर बारिश के बाद अंडरपास में जलभराव हो जाता है।

कई बार प्रशासन को शिकायत भी दी जा चुकी है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है। हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहन भी इस रास्ते से नहीं निकल पा रहे हैं।

### ग्रीवेंस कमेटी के सामने भी उठ चुका मुद्दा

लोगों ने बताया कि इस मुद्दे को ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण पवार के सामने भी उठाया गया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। रेलवे लाइन पार करना बेहद खतरनाक है, लेकिन मजबूरी में लोग अपनी जान जोखिम में डालकर ऐसा करने को विवश हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अंडरपास में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस परेशानी से राहत मिल सके और हादसों की आशंका भी कम हो सके।

---

## प्रो. विमलेन्दु ने छात्रों को दिए वैश्विक कानूनी चुनौतियों के समाधान के सूत्र




रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता प्रो. विमलेन्दु तायल (पूर्व कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर) व अन्य विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन विषय पर आयोजित व्याख्यान में छात्रों को वैश्विक कानूनी चुनौतियों की गहराई से जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता प्रो. विमलेन्दु तायल (पूर्व कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर) ने कहा कि वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन विश्व शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है, लेकिन इसके उल्लंघन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

प्रो. तायल ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार विभिन्न देश कानूनी प्रावधानों की अनदेखी करते हैं और इसका वैश्विक प्रभाव पड़ता है। उनके व्याख्यान ने छात्रों को न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी विषय को समझने का अवसर दिया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू देहमीवाल ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य वक्ता के अनुभव को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। मंच संचालन डॉ. अंजली वर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अंजली वर्मा, डॉ. परविंदर, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. श्रुति सुधा, सुमित कुमार और अशोक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



रोहतक। विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ।

### काव्य-पाठ में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी काव्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने अंग्रेजी भाषा में प्रभावशाली ढंग से कविताओं का प्रस्तुतीकरण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्यिक गतिविधियाँ व्यक्तित्व विकास और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. शालिनी शर्मा और डॉ. मानसा राय ने निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके उच्चारण, प्रस्तुति और प्रदर्शन के आधार पर किया। प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय और हंसदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# मोबाइल का अत्यधिक उपयोग भी अब ले चुका डिजिटल नशे का रूप: डॉ. प्रीति

- यह नशा व्यक्ति के मानसिक संतुलन को भी बर्बाद कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग में वीरवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा और विकसित भारत के लिए नशा मुक्ति का महत्व विषय पर प्रभावशाली विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पीजीआईएमएस, रोहतक के इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रीति सिंह ने कहा कि आज नशा समाज की जड़ों को कमजोर कर रहा है। यह केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और मानसिक संतुलन को भी बर्बाद करता है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग भी अब डिजिटल नशे का रूप ले चुका है, जिससे युवा पीढ़ी सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। मुख्य वक्ता स्टेट ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर, पीजीआईएमएस, रोहतक के डॉ. विनय ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब देश नशा मुक्त होगा। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों के चरित्र और नैतिक मूल्यों पर आधारित होती है, जिन्हें नशा पूरी तरह नष्ट कर देता है।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि पीजीआईएमएस, रोहतक के इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रीति सिंह।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीभगवान ने की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि डॉ. अंबेडकर का सामाजिक समरसता का विचार केवल भाईचारे तक सीमित नहीं था, बल्कि यह स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का आह्वान है।

# आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिले शुरू

- जिले के 369 प्राइवेट स्कूलों में 16 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, लॉटरी के जरिए होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निशुल्क शिक्षा पाने का सपना देख रहे बच्चों के लिए राहत भरी खबर है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के छात्र 9 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, अभिभावक 16 अप्रैल तक पोर्टल पर अपने बच्चों के दाखिले के लिए फॉर्म भर सकते हैं। दाखिले लॉटरी के जरिए होंगे।

दाखिला प्रक्रिया के तहत जिले के कुल 377 मान्यता प्राप्त स्कूलों में से 369 स्कूलों ने फार्म 6 के माध्यम से अपनी सीटों का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। हालांकि, अभी भी 8 स्कूलों ने सीटों की जानकारी साझा नहीं की है, ऐसे में जिले के 369 स्कूलों में छात्र दाखिले के लिए आवेदन कर सकते है। बता दें कि प्रदेश के सभी निजी स्कूल 20 मार्च तक पोर्टल पर अपनी सीटों से संबंधित आवश्यक जानकारी अपलोड करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन जिले के केवल 262 प्राइवेट स्कूलों ने आरटीई के दाखिले के लिए सीटों का आनलाइन ब्यौरा दिया था। जिसके चलते शिक्षा विभाग की ओर से अंतिम तिथि को बढ़ा कर 5 अप्रैल तक कर दिया गया था। ऐसे में स्कूलों को फार्म 6 भरने के लिए एक ओर मौका दिया गया है। हालांकि अभी भी स्कूलों ने सीटों का ब्यौरा नहीं दिया है।

### कक्षा नर्सरी व पहली के लिए कर सकते हैं आवेदन, 21 अप्रैल से जमा कर सकेंगे दस्तावेज

त ह त

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत ने बताया कि आरटीई के तहत दाखिले के लिए केवल नर्सरी व पहली क्लास में दाखिला दिया जाएगा। नियमों के अनुसार प्राइवेट स्कूलों में आरटीई योजना के तहत अभिभावक पहली, नर्सरी या इससे पहले की कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते है। इसके लिए अभिभावकों से 9 अप्रैल से आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। अभिभावक उज्ज्वल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। वहीं इसके बाद 20 अप्रैल को लॉटरी प्रक्रिया पूरी की जाएगी और कमेटी द्वारा रिजल्ट का वेलिडेशन किया जाएगा। इसमें चयनित विद्यार्थियों के एडमिशन की प्रक्रिया 21 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक पूरी की जाएगी। इस दौरान अभिभावकों को स्कूल में दस्तावेज जमा करवाने होंगे। वहीं अगर इसके बाद भी सीटें खाली रहती हैं, तो 1 मई से 5 मई तक वेटिंग लिस्ट के आधार पर दाखिले किए जाएंगे।

# महम में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए लगाए जा रहे आरएफआईडी टैग



महम। शहर के एक मकान पर आरएफआईडी टैग लगाते नगर पालिका अधिकारी व पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

नगर पालिका अधिकारियों की एक टीम शहर में घर घर जाकर आरएफआईडी टैग लगाने के कार्य में लगी हुई है। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल और पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए उद्देश्य से रेडियो फ्रीक्वेंसी तकनीक लागू की गई है। इस अभियान के तहत टैग लगाने का काम तीव्र गति से शुरू किया गया है। जब एजेंसी की गाड़ी घर, दुकान व संस्थान से कूड़ा उठाएगी तो उस बिल्डिंग पर लगे आरएफआईडी टैग को स्कैन करेगी। टैग को स्कैन करने के बाद संबंधित जानकारी एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर स्वतः दर्ज हो जाएगी। इससे यह पता चल सकेगा कि किस मकान, दुकान या संस्थान से कूड़ा उठाया गया है और किस जगह से कूड़ा नहीं उठाया गया है। नगर पालिका उपप्रधान बसंत लाल गिरधर ने शहर वासियों से अपील की है कि घरों, दुकानों और संस्थानों पर लगाए गए टैग को खराब न करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के आदेश

# समाधान शिविर में मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को समाधान शिविर के माध्यम से वर्चुअली जुड़कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर खत्म किया जाए। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ मुख्यालय से विभिन्न जिलों के समाधान शिविरों से जुड़े और सीधे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर मामले में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। लघु सचिवालय में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समाधान शिविर में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनीं। मौके पर ही लंबित शिकायतों का निपटारा आज शाम तक हर हाल में किया जाए। करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार को हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा इन शिकायतों की वर्चुअल समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जा रहा है।




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित।

### सांपला और महम में भी लगाए शिविर

रोहतक के अलावा सांपला और महम उपमंडलों में भी समाधान शिविर आयोजित किए गए। सांपला में उपमंडलाधीश अंकिता पंवार तथा महम में उपमंडलाधीश विपिन कुमार की अध्यक्षता में शिविर लगाए गए, जहां नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान के निर्देश दिए गए। महम में आयोजित शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह, नगराधीश अंकित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर ने की मामलों की समीक्षा

हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (पीपीपी) के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने भी समाधान शिविर में भाग लिया और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में लोगों ने आय प्रमाण, परिवार विवरण, पात्रता और सरकारी योजनाओं के लाभ से जुड़ी दिक्कतों को लेकर शिकायतें दर्ज करवाईं। डॉ. खोला ने सभी मामलों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और संभव हो तो मौके पर ही समाधान किया जाए।